## महत्वपूर्ण एवं खास

### लाकडाउन का उल्लंघन कर दुकान में लगाया भीड़, मामला दर्ज

**रायपुर, (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के कारण इन दिनों संपूर्ण प्रदेश में लाकडाउन की स्थिति चल रही है।

रायपुर कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक व्यक्ति जमा होने पर धारा 144 का उल्लंघन करने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। विधानसभा थाने से मिली जानकारी के अनुसार हेमेंद्र कुमार कश्यप आयु 43 वर्ष पिता स्व. परमेश्वर प्रसाद निवासी दोंदेकला में कश्यप फुटवेयर दुकान में अनाधिकृत रूप से जूता चप्पल की दुकान खोलकर बिना मास्क लगाए ग्राहकों की भीड़ जमा कर माल बेंच रहा था। उक्त मामले में विधानसभा थाने ने आरोपी के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### पुरानी रंजिश के चलते मिली जान से मारने की धमकी

**रायपुर, (आरएनएस)।** आपसी विवाद के चलते आये दिन मारपीट की घटनाएं होती रहती है। कभी कभी विवाद इतना गंभीर हो जाता है कि उसको लेकर गंभीर घटनाएं जान से मारने की धमकी तक में पहुंच जाती है। कबीर नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार उत्तम रोचलानी आयु 17 वर्ष पिता सुनील रोचलानी निवासी बंगाली होटल के पास वीर सावरकर नगर हीरापुर को आरोपी सोहेल खान आयु 18 वर्ष पिता समीर खान निवासी गायत्री नगर द्वारा पुराने विवाद को लेकर जमकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी आरोपियों द्वारा गालीगलौज करते हुए दी गई। उक्त मामले में कबीर नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 506 एवं 323 के तहत मामला दर्ज किया है।

### प्रधानमंत्री की बातें हौसला अफजाई करने वाली तथा प्रेरणादायी - बजाज

**रायपुर, (आरएनएस)।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज ने हमेशा की तरह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 64 कड़ी का प्रसारण आज रेडियो सेट पर सुना. श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज के प्रसारण में लॉकडाउन के नियमों का अनुशासित ढंग से पालन करने के लिए देश की जनता को धन्यवाद देते हुए संपूर्ण पृथ्वी के अक्षय होने

की कामना की. उन्होंने देश की जनता से आव्हान किया कि कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में सामाजिक दूरी को बनायें रखें. श्री मोदी ने दो गज की दूरी : है बहुत जरुरी का मन्त्र देते हुए कहा कि सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी. उन्होंने आशा व्यक्त की कि मन की बात की अगली कड़ी के प्रसारण तक दुनिया कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में काफी हद तक सफल हो जाएगी. श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री की बातें हौसला अफजाई करने वाली तथा प्रेरणादायी है।

### क्वारंटाइन किए गए 36 लोगों को घर भेजा गया

**कोरबा (आरएनएस)।** होटल टॉप एंड टाउन में कोरोना संक्रमण के प्रति एहतियात बरतने के लिए चारंटाइन किए गए 36 लोगों को अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को घर भेज दिया गया। चारंटाइन किए गए लोग अपने घरों को जा चुके है।

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें स्वास्थ्य के प्रति एहतियात बरतने की सलाह दी है। कोरोना संक्रमण को अन्य लोगों में फैलाव होने से बचाने के लिए संदिग्ध लोगों को होटल टॉप एंड टाउन में क्वारंटाइन सेंटर बनाकर क्वारंटाइन किया गया था। इनमें वे 36 लोग भी शामिल हैए जिन्हें एहतियातन क्वारंटाइन किया गया था। इन सभी ने क्वारंटाइन अवधि पूर्ण कर ली। इस दौरान इन लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य बेहतर पाए जाने पर जिला प्रशासन ने उन्हें घर भेजने का फैसला लिया।

### पैसे के लेनदेन को लेकर मिली जान से मारने की धमकी

**रायपुर, (आरएनएस)।** पैसे के लेनदेन में अक्सर लोगों में आपसी विवाद होता रहता है। डीडी नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजठाकुर आयु 16 वर्ष पिता दीनू सिंह ठाकुर निवासी शिवनगर चंगोराभाठा के साथ अपचारी बालक द्वारा पैसे को लेकर अपने मित्र संदीप पटेल को दिये गये पैसे को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी की जमकर पिटाई की।

साथ ही नुकीली चीज से उसके शरीर में चोट पहुंचाकर उसे घायल किया गया। उक्त मामले में डीडी नगर थाने ने आरोपी अपचारी बालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 506 एवं 323 के तहत मामला कायम किया है।

# लॉक डाउन के दौरान सुबह 11 से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे रासायनिक खाद, बीज व कीटनाशक दवा दुकान

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने जिले में लॉकडाउन के दौरान रासायनिक खाद, बीज, कीटनाशक दवा दुकान को विकासखण्डवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कोरोना वायरस से बचाव एवं सुरक्षा के शर्तों के आधार पर खोले जाने हेतु अनुमति प्रदान की है। जिसके तहत व्यवसायिक प्रतिष्ठान में एक समय में एक ही कृषक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये एवं प्रतिष्ठान को सेनेटाईज किया जाये। दुकान के बाहर साबुन एवं स्व%छ पानी की व्यवस्था करें तथा प्रत्येक क्रेता को हाथ धोने के बाद ही दुकान में प्रवेश करायें। व्यवसायिक परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, ग्राहक व व्यवसायी तथा उपस्थित सभी व्यक्ति मास्क लगाकर ही सेवा एवं लेनदेन करेंगे।

विकासखण्ड रायगढ़ अंतर्गत मंगल चन्द्र सत्यनारायण-गद्दी चौक सदर बाजार रायगढ़, मंगल चन्द्र राजेन्द्र कुमार-मोदी बिहार रायगढ़, ए.ई.इन्टरप्राईजेस-बीड़पारा रायगढ़, पुरूषोत्तम दास अग्रवाल-पुरानी हटरी, शंकर ट्रेडिंग कंपनी-कोतरा, महामाया कृषि केन्द्र-कबीर चौक, रवि कृषि केन्द्र-कुलबा, चिनी लाल पटेल-तारापुर, कन्हैया कृषि केन्द्र-पंडरीपानी, किशान घर-कबीर चौक, पारस कृषि केन्द्र-सहसपुर, मेसर्स सूरज इन्टरप्राईजेस-रायगढ़, विकास स्मार्ट कृषि केन्द्र-बोईरदादर, मेसर्स राजेन्द्र कुमार अग्रवाल-महापल्ली, बिश्वाल कृषि केन्द्र-महापल्ली, रामअवतार अग्रवाल-महापल्ली, मुकेश अग्रवाल-बरपाली एवं शंकर ट्रेडिंग-कोतरा शामिल है।

विकासखण्ड खरसिया अंतर्गत बहुउद्देशीय कृषक सहकारी समिति मर्या.-ठुसेकेला, जय बालाजी एजेंसी-खरसिया, इंसेम्बल कृषि केन्द्र-खरसिया, जय राधा स्वामी कृषि सेवा केन्द्र-खरसिया, धनेष कृषि सेवा केन्द्र-खरसिया, नायक एग्रो टेक-कुरूभाठा, पटेल कृषि केन्द्र-खरसिया, मेसर्स हरियाली-खरसिया, गबेल कृषि केन्द्र-खरसिया एवं रामअवतार अग्रवाल कृषि केन्द्र खरसिया शामिल है।

विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत प्रधान कृषि सेवा केन्द्र-दर्रीडीह, मुकेश बीज भण्डार-धरमजयगढ़, धरमजयगढ़ एग्रो



प्रा.कंपनी लिमिटेड-धरमजयगढ़, बेहरा कृषि केन्द्र-मुनुन्द, कान्हा कृषि केन्द्र-धरमजयगढ़, भूमि कृषि सेवा केन्द्र-धरमजयगढ़, समुद्री कृषि सेवा केन्द्र-धरमजयगढ़, महेश्वरी बीज भण्डार-कापू शामिल है।

विकासखण्ड लैलूंगा अंतर्गत चौधरी कृषि सेवा केन्द्र-लैलूंगा, एग्रो प्रो.कंपनी लिमिटेड-कुंजारा, पटेल कृषि सेवा केन्द्र बगुडेगा, भोय कृषि सेवा केन्द्र-केशला, जितेन्द्र कुमार भोय-केशला, उन्नत कृषि सेवा केन्द्र-लैलूंगा एवं शंकर कृषि सेवा केन्द्र-बहामा शामिल है।

विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत कृषि प्रभा एग्रो.कोआपरेटिव लिमिटेड-भेन्ड्रा, पटेल कृषि सेवा केन्द्र-पानीखेत, अग्रवाल खाद भण्डार-घरघोड़ा, महामाया जनरल स्टोर्स-घरघोड़ा शामिल है।

विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत रानू कृषि केन्द्र-पुसौर, पंडित धनुर्जय दुबे कृषि केन्द्र-पुसौर, नायक कृषि सेवा केन्द्र-पुसौर, बेहरा कृषि केन्द्र-पुसौर, दीपिका कृषि केन्द्र-पुसौर, गोयल कृषि केन्द्र-पुसौर, प्रधान कृषि केन्द्र-पुसौर, ए.के.इण्डस्ट्रीस-पुसौर, किसान कृषि सेवा केन्द्र-पुसौर, सांई बीज भण्डार-कोड़ातराई, चन्द्रहासिनी इन्टरप्राईजेस-कोड़ातराई एवं गुप्ता कृषि केन्द्र-कोड़पल्ली शामिल है।

विकासखण्ड बरमकेला अंतर्गत मां महामाया कृषि केन्द्र-बरमकेला, संतोषी कृषि केन्द्र-बरमकेला, तुलसी सेवा केन्द्र-बरमकेला, वेदान्ता कृषि केन्द्र-बरमकेला, विवेक कृषि केन्द्र-बरमकेला, मुरारीलाल अग्रवाल-सरिया, न्यू संजय कृषि केन्द्र-सरिया, पवन कुमार अग्रवाल-सरिया, किसान कृषि सेवा केन्द्र-सरिया, शोभाराम कृषि केन्द्र-बरमकेला, यारदार कृषि सेवा केन्द्र-बरमकेला, सेत कृषि केन्द्र-बरमकेला, विद्याश्री कृषि केन्द्र-बरमकेला, पंकज ट्रेडर्स-बरमकेला, आस्था ट्रेडर्स-बरमकेला, हरिओम ट्रेडर्स-बरमकेला, अरूण कृषि सेवा केन्द्र-बरमकेला, श्याम ट्रेडर्स-पुजारीपाली, लक्ष्य कृषि सेवा केन्द्र-परसरामपुर, जीएलएस कृषि केन्द्र-बरमकेला, मुरली ट्रेडर्स-लेन्ध्रा शामिल है।

विकासखण्ड सारंगढ़ अंतर्गत मुन्ना बीज भण्डार, भावेश ट्रेडर्स, साव कृषि केन्द्र, एसएस एग्री क्लिनिक, गणपति कृषि सेवा केन्द्र, परि कृषि केन्द्र, लक्ष्मण कृषि केन्द्र, मितान कृशि सेवा केन्द्र, हरि कृषि केन्द्र, किसान कृषि सेवा केन्द्र, आर्यन बायोकाप केयर, देवी खाद भण्डार, विकास ट्रेडर्स, गंगा कृषि सेवा केन्द्र, नरेन्द्र खाद भण्डार, नजी कृषि केन्द्र, कृष्ण कुमार बानी कृषि केन्द्र, राजेश स्टोर्स एवं कुमार बानी-सारंगढ़, राज कृषि केन्द्र-सालर, चित्रसेन नायक-पिपरदा एवं खान ट्रेडर्स-कोतरी शामिल है।

# भालू ने 5 को घायल किया

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कटघोरा रेंज के केंद्रीय रोपणी सुतर्रा में एक भालू अचानक आ धमका। सबसे पहले नर्सरी में काम कर रही लखनपुर की एक महिला बृजकुंवर को भालू ने काट कर घायल किया। उसके बाद भालू ने चार अन्य को भी शिकार बनाया, जिसमे कसनिया कापुबहरा निवासी संजय पटेल, विमलेश, सुकवारबाई और मनोज साहू को घायल कर दिया। सभी को समुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र कटघोरा भेजा गया। जिसमे दो लोगो को जांघ में काटा और 3 को



बुरी तरह चेहरे व अन्य जगहों को नोचा है। जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला पहुंचा, तब तक भालू कही दुबक गया। कटघोरा के एस डी ओ अरविंद तिवारी ने बताया कि भालू कासनिया के नवापारा के जंगल मे दुबका है।

जंगल में पहली बार तेंदूपत्ता की तुड़ाई न होने से वन में मानव की चहल कदमी थम गयी। इसका सीधा असर वन्य जीवों पर दिख रहा है। भालू, तेंदुआ और हिरन जैसे तमाम वन्य जीव जंगलों से गांवों की ओर रुख कर रहे हैं।

# आंधी तूफान से उजाड़ हुये तीन गांवों की मदद के लिये पहुंची चार थानों की पुलिस टीम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कल दिनांक 24.4.2020 को खराब मौसम ने थाना लैलूंगा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करवारजोर, कुरोपहरी और चिराईखार में खूब कोहराम मचाया। तेज हवा और ओला गिरने से वहां कई कच्चे मकान के छपर उड़ गये।

लोगों को इस लॉक डाउन में जरूरत की चीजें व्यवस्था करने में काफी दिक्कत हो रही है। ऐसे में इस आंधी तूफान ने ग्रामीणजनों को और परेशानी में डाल गई , जिसकी जानकारी थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक किरण गुप्ता को हुई तो वे अपने स्टाफ के साथ तीनों गांव का दौरा की और हालात एसपी एवं एसडीएम लैलूंगा को दी। एसपी रायगढ़ श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ़ को निर्देशित किये कि इन गांव में जाकर व्यवस्था देखें।

लैलूंगा टी.आई. द्वारा SDOP धरमजयगढ़ श्री सुशील कुमार नायक को पहले ही तीनों गांव में हुये नुकसान होने की जानकारी दे दीं थी जिस पर SDOP धरमजयगढ़ द्वारा थाना लैलूंगा, घरघोड़ा, तमनार एवं पूंजीपथरा के प्रभारियों को ग्रामवासियों के लिए ड्राई राशन तथा तत्कालिक तौर पर टुटे छतों को ढकने के लिये प्लास्टिक की व्यवस्था



करने को बोले। चारों थानेदार किरण गुप्ता, अभिनव कांत, कृष्ण कांत एवं अमित सिंह द्वारा करीब 100 परिवारों के लिये चावल, दाल, आलू, प्याज, तेल, नमक, हल्दी एवं मसाला की व्यवस्था किये। साथ ही छतों को ढकने के लिये प्लास्टिक की पन्नी लेकर आये और सभी अपने स्टाफ के साथ तीनों गांवों में इसका वितरण किये। SDOP धरमजयगढ़ द्वारा ग्रामीणों को लॉक डाउन का पालन करने तथा बाहर से आये व्यक्तियों की जानकारी देने को बोले।

उन्होंने ग्रामीणों को स्थानीय प्रशासन से मदद के लिये चर्चा करना बताये। ग्रामीणों के बीच कौतूहल बन गया जब इतनी संख्या में पुलिसवाले गांव आकर मदद कर रहे थे, गांववालों ने पुलिस की इस मदद से राहत की सांस ली है।

# जले में 33207 घरों का एक्टिव सर्वेलेंस पूर्ण

***जिले में अन्य राज्यों से आये 6469 में से 779 यात्री होम आईसोलेशन में , जिले में आज तक कोई भी कोरोना के पाजिटिव मरीज नहीं , स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग***

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.के शरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 01 जनवरी 2020 के बाद विदेशों से कुल 214 यात्री आये हैं जिसमें से 214 यात्रियों का होम आईसोलेशन एवं क्वारेंटाईन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है।

जिले में अन्य राज्य से अब तक कुल 6469 यात्री आये हैं जिसमें से 5690 यात्रियों का होम आईसोलेशन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 779 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में कुल 447 व्यक्तियों का सेम्पल संग्रहण कर जांच हेतु भेजा गया है। जिसमें से 318 व्यक्तियों का रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुआ है। शेष 126 का रिपोर्ट अप्राप्त है। वर्तमान में जिले में किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 बीमारी के लक्षण नहीं पाये गये है एवं आज दिनांक तक कोई भी कोविड-19 के पॉजिटीव मरीज नहीं है।

10 मार्च के बाद प्रभावित अन्य राज्यों से आए 1425 व्यक्तियों का शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में एक्टिव सर्वेलेंस किया जा रहा है। अब तक कुल 33207 घरों का सर्वे पूर्ण कर लिया गया। सर्दी-खांसी व बुखार के लक्षण वाले को चिन्हांकित कर सूची तैयार की जा रही है। कोरबा व कटघोरा से आने वाले व्यक्तियों को होम क्वारेंटाईन में रखकर प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है आवश्यकता पड़ने पर सैम्पल लिया जावेगा।

### पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बद्रीधर दीवान की तबीयत बिगड़ी, अपोलो में भर्ती

**रायपुर, (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा विधायक बद्रीधर दीवान की आज अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में दाखिल कराया गया है। श्री दीवान के पुत्र विजयधर दीवान ने बातचीत में बताया कि उनके पिता की पिछले कुछ दिनों से तबियत खराब चल रही थी। आज सुबह उनका स्वास्थ्य अधिक खराब होने के कारण उन्हें अपोलो अस्पताल में दाखिल किया गया है, जहां चिकित्सक डॉ देवेंद्र सिंह की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।

# आरक्षक पर चाकू से हमला कर किया घायल, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में शनिवार देर रात को पेट्रोलिंग पर मोटरसायकल से निकले दो पुलिस कर्मियों में से एक पर निगरानीशुदा बदमाश ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हालांकि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन थाना सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक बी महेश राव और विक्रम मधुकर एक मोटरसायकल वाहन से पेट्रोलिंग पर निकले थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे तरुण नगर सामुदायिक भवन के पास पास पहुंचे वहां उनकी नजर निगरानीशुदा बदमाश बादल मेहरा पर गई जो लॉकडाउन में बिना किसी वजह से बाहर घुम रहा था। पुलिस कर्मियों ने आरोपी को रूकने के लिए कहा। इस पर आरोपी गुस्से में आकर गाली-गलौज करते हुए बी महेश राव के कमर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी भागने लगा जिसे लोगों की मदद से पकड़ा गया। घायल आरक्षक को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है। बता दें कि आरोपी आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है। इसके पूर्व भी उसके खिलाफ कई मामले थाने में दर्ज है।

# पढ़ई तुंहर दुआर बच्चों को मिल रहे रोचक अनुभव

### ऑनलाईन पोर्टल बना शिक्षकों एवं बच्चों को जोड़ने का प्रभावी माध्यम

**रायपुर, (आरएनएस)।** लॉकडाउन के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अभिभावकों की यह चिंता स्वाभाविक थी कि इस कठिन दौर में बच्चों की पढ़ाई किस प्रकार जारी रखी जाए। अध्यापकों और बच्चों को अध्ययन-अध्यापन से जोड़ा जाए, ताकि स्कूली विद्यार्थी घर पर ही रहकर अपनी पढ़ाई जारी रख सके। इस दिशा में मुख्यमंत्री की सोच को मूर्तरूप प्रदान करने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इजाद किया गया ऑनलाईन पोर्टल 'पढ़ई तुंहर दुआर' ज्ञान-विज्ञान को शिक्षक एवं बच्चों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। राजनांदगांव जिले में ऑनलाईन पोर्टल एवं व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से शिक्षक एवं बच्चे आपस में जुड़ रहे हैं। यह वैचारिक एवं तकनीकी क्रांति का दौर है । बच्चों को इसके माध्यम से पढ़ने के रोचक अनुभव मिल रहे हैं। बच्चों एवं शिक्षकों को यह पता है कि कोरोना वायरस कोविड-19 जैसे घातक बीमारी को हराना है इसलिए सभी सजग होकर ऑनलाईन पढ़ाई के लिए जागरूक हो रहे हैं। बच्चे स्मार्ट फोन के जरिए अपने शिक्षकों से जुड़े हुए हैं और अपनी शैक्षणिक समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षक बच्चों से लर्निंग ऑडियो-वीडियो, फोटो, कोर्स मटेरियल, ऑनलाईन कक्षाएं, ज्ञान-विज्ञान की पीडीएफ फाईल एवं होमवर्क, प्रश्नों के उत्तर आदि आपस में साझा कर रहे हैं।

शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम घुरोरा की कक्षा 8वीं की छात्रा कुमारी जगोतीन ने कहा कि यह एक कारगर पद्धति है। इस तरह से पढ़ना नया और रूचिकर अनुभव है। कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से हम स्कूल तो नहीं जा पा रहे हैं लेकिन घर पर ही रहकर अपनी पढ़ाई शिक्षकों के माध्यम से जारी रख रहे हैं। ग्राम कोलेन्द्रा की कुमारी लिलिमा ने कहा कि ऑनलाईन पोर्टल से सीखने के लिए यह एक बेहतरीन माध्यम है। जिसके जरिए ज्ञान-विज्ञान के द्वार हमारे लिए खुले हैं। डोंगरगढ़ विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला डारागांव के रूद्रकुमार ने कहा कि कोविड-19 से बचाव करते हुए स्वयं को सुरक्षित रख ऑनलाईन पढ़ाई करना अच्छा माध्यम है।

# लॉक डाउन में कृषि उपकरण एवं उनके स्प्रेयर पार्ट्स एवं मरम्मत की दुकानें खुली रहेगी

### सुबह 11 से शाम 5 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन खोल सकेंगे दुकान व्यापारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने जिले में लॉकडाउन के दौरान कृषि उपकरण एवं उनके स्प्रेयर पार्ट्स तथा उनके मरम्मत संबंधी संस्थानों को (जिसमें कृषि उपकरणों में सभी प्रकार के ट्रेक्टर, पावर ट्रिलर कम्बाईन हार्बेस्टर एवं अन्य सभी कृषि उपकरण जो कृषि कार्यों में उपयोग में लाये जाते है) को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कोरोना वायरस से बचाव एवं सुरक्षा के शर्तों के आधार पर खोले जाने हेतु अनुमति प्रदान की है। जिसके तहत व्यवसायिक प्रतिष्ठान में एक समय में एक ही कृषक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये एवं प्रतिष्ठान को सेनेटाईज किया जाये। दुकान के बाहर साबुन एवं स्व%छ पानी की व्यवस्था करें तथा प्रत्येक क्रेता को हाथ धोने के बाद ही दुकान में प्रवेश करायें। व्यवसायिक परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, ग्राहक व व्यवसायी तथा उपस्थित सभी व्यक्ति मास्क लगाकर ही सेवा एवं लेनदेन करेंगे।





**कृषि यंत्र व्यवसाय प्रतिष्ठानों की सूची**

विपुल इंटरप्राईजेस (कृषि यंत्र निर्माण, विक्रय एवं मरम्मत)-औद्योगिक क्षेत्र चक्रधर नगर रायगढ़, यंग इन्टरप्राईजेस (कृषि यंत्र निर्माण, विक्रय एवं मरम्मत)-औद्योगिक क्षेत्र चक्रधर नगर रायगढ़, रायगढ़ ऑटो मोबाईल (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-ढिमरापुर रोड रायगढ़, वैद्यनाथ दिपांशी (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-धरमजयगढ़, ललित साहू (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-कोतबा रोड लैलूंगा, केशव साहू (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-छाल रोड घरघोड़ा, हलधर डनसेना (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-रायगढ़ रोड खरसिया, अनुप दीक्षित (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-सोढ़ापाट पुसौर, सुनील कुमार यादव (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-चन्द्रपुर रोड बरमकेला, विश्वनाथ नायक (महेन्द्रा ट्रेक्टर ब्रांच)-रायगढ़ रोड सारंगढ़, बालाजी कृषि सेवा केन्द्र नया गंज इतवारी बाजार रायगढ़, शिवशक्ति बोरवेल-मेन हास्पिटल के सामने रायगढ़, श्री बालाजी बोरवेल-गौरीशंकर मंदिर रोड रायगढ़, आशाराम इलेक्ट्रीकल-कार्मेल स्कूल के पास रायगढ़, विपुल ट्रैक्टर (सोनालिका)-औद्योगिक क्षेत्र चक्रधर नगर रायगढ़, बोतल्दा मोटर्स-खरसिया, गणेश ट्रेडर्स-गद्दी चौक रायगढ़, जनरल ट्रेडिंग कंपनी गांधी चौक रायगढ़, श्याम स्टील वर्क्स-रायगढ़, संतलाल बंसल-गांधी चौक रायगढ़, सुनील हार्डवेयर एण्ड मील स्टोर-कोतरा रोड रायगढ़, सुनील हार्डवेयर एण्ड मील स्टोर-गांधी चौक रायगढ़, आशाराम गोविन्दराम-सुभाष चौक रायगढ़, जगन्नाथ परशराम-न्यू मार्केट रायगढ़, शंकर मील स्टोर-सुभाष चौक रायगढ़ एवं बोतल्दा मोटर्स (ब्रांच)-सारंगढ़ शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480